DAINIK JAGRAN, LUCKNOW
Thursday, October 10, 2013

लवीश-वरुण मेगा फाइनल में

टीसीएस आइटी विज

- सेंट फिडलिस के अंकित और हमजा दूसरे स्थान पर रहे

जागरण संवाददाता, लखनऊ : लखनऊ पब्लिक स्कूल, आशियाना के लवीश पांडेय और वरुण सिंह ने टीसीएस द्वारा इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित आइटी विज का पहला चरण जीतकर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

दोनों छात्र दिसंबर में मेगा फाइनल में उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री अभिषेक मिश्र ने दोनों छात्रों को आइपैड प्रदान किया। फाइनल में जगह बनाने वाले सेंट फिडलिस स्कूल के अंकित और हमजा को टैबलेट मिला। इस मौके पर कृषि उत्पादन आयुक्त आलोक रंजन और टीसीएस के रीजनल हेड जयंत कृष्णा मौजूद थे।

उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के तमाम विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने इस क्विज में भाग लिया था। लामार्टिनियर स्कूल को सबसे उत्साही टीम का पुरस्कार दिया गया। सनबीम स्कूल वाराणसी, आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल जगदीशपुर, आर्मी पब्लिक स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल, रानी लक्ष्मीबाई स्कूल और लामार्टिनियर कॉलेज को लकी ड्रा पुरस्कार दिए गए। जयंत कृष्णा ने बताया कि टीसीएस आइटी विज के क्षेत्रीय दौर का आयोजन 14 स्थानों पर हो रहा है। विजेता दिसंबर में होने वाले मेगा स्मार्ट टीच विजार्ड 2013 में भाग लेंगे।

आइटी विज के फाइनल में पहुंचे प्रतिभागी हुए सम्मानित — जागरण